# पाईप लाइन के लिये खुदी सड़कें बनी जी का जंजाल

**खास बातें**

- पानी की पाईप लाईन डालने हुई सड़कों की खुदाई
- खुदी सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग





**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 2 जुलाई, शहर में नगरपालिका द्वारा पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है. जिसके लिये शहर के वार्डो में सड़कों की खुदाई की जा रही है. लेकिन पाईप लाईन बिछाने का यह कार्य अब लोगों के लिये जी का जंजाल साबित होता जा रहा है. शहर की कई गलियों में पानी की पाईप लाईन के लिए सड़कों की खुदाई कर दी गई हैं. लेकिन धीमी गति से कार्य होने तथा सड़कों की तत्काल मरम्मत न होने से स्थानीय रहवासी एवं राहगीर परेशान हो रहे हैं.**

स्थानीय रहवासियों एवं राहगीरों का इन सड़कों से निकलना दूभर हो रहा है. बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. लोगों की मांग है कि पाईप लाईन बिछाने के साथ ही इन खुदी हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत भी कराई जावे. जिससे लोगों को सड़कों से आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े.

शहर के तलैया मोहल्ला क्षेत्र में इन दिनों अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पानी की पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है. जिसके लिए सड़कों की खुदाई की जा रही है. लेकिन पाईप लाईन बिछाने के बाद तत्काल इन सड़कों की मरम्मत न होने के कारण स्थानीय रहवासी एवं राहगीर परेशान हो रहे हैं. शहर की गलियों में सड़कों की खुदाई होने से लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है. जिसके कारण स्थानीय रहवासी काफी परेशान हो रहे है. वहीं सड़क की खुदाई से मिट्टी एवं कीचड़ होने से भी लोग परेशान हो रहे हैं. बारिश के मौसम में यह मिट्टी कीचड़ नालियों में भी भर रही है. जिसके कारण गंदगी हो रही है. तलैया मोहल्ला निचला क्षेत्र होने से बारिश के मौसम में पानी भरने की भी समस्या आती है. लोगों का कहना है कि बारिश में सड़कों पर पानी भरने से गंदगी कीचड़ की समस्या और बढ़ जावेगी. स्थानीय रहवासियों की मांग है कि जल्द से जल्द पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जावे तथा तत्काल सड़कों की मरम्मत कराई जावे. जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े. स्थानीय रहवासी गुड्डू गावस्कर ने बताया वार्ड 5 गली खारा कुआं में पाईप लाईन बिछाने के लिए हुई सड़कों की खुदाई से पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है. सड़कों की तत्काल मरम्मत न होने से मिट्टी एवं कीचड़ हो रही है. जिससे सड़कों की नालियां भी चौक हो रही है.

### पानी भरने से होती समस्या

बारिश के मौसम में तलैया मोहल्ले में वैसे ही पानी भरने की समस्या होती है. ऊपर से नाली की खुदाई से निकली मिट्टी सड़क पर पड़ी हुई हैं. जिससे सड़क की नालियां चौक होने के साथ ही कीचड़ हो रही है. जिससे घरों से पानी भी नही निकल पा रहा है. करीब 15- 20 दिनों से सड़क खुदी पड़ी है. सड़क की खुदाई से स्थानीय रहवासी एवं राहगीर परेशान हो रहे हैं. बारिश एवं लोगों की परेशानी को देखते हुये सड़कों पर पाईप लाईन बिछाने का कार्य तेजी से किया जाना चाहिए. साथ ही सड़कों की तत्काल मरम्मत का कार्य भी किया जाना चाहिए.

### इनका कहना है

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि शहर में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत दो पानी की टंकी, एक फिल्टर प्लांट तथा शहर के वार्डो में पानी की नई पाईप लाईन डालने का कार्य किया जा रहा है. पानी की पाईप लाईन बिछाने के लिये सड़कों की खुदाई की गई है. वही पाईप लाईन बिछाने के साथ ही सड़कों की तत्काल मरम्मत करने के भी निर्देश दिये गये है.

# वेयर हाउस से 13 क्विंटल मसूर चोरी



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 2 जुलाई ,थाना अंतर्गत ग्राम पलीता में स्थित श्री सावित्री देवी वेयरहाउस के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 13 क्विंटल मसूर की बोरियों ले गए.**

चोरी की घटना को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर पेशेवर और शातिर थे क्योंकि उन्होंने पहले सीसीटीवी कैमरा की दिशा बदली और वेयरहाउस के अंदर लगभग 25 फुट की ऊंचाई पर चढ़कर मसूर की बोरियां नीचे उतारी जो आसान नहीं था. सीसीटीवी कैमरा में सड़क पर लोडिंग वाहन और कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं. चोरी हुई मसूर की बोरियों की संख्या को देखकर लग रहा है कि चोर ज्यादा थे.सुबह हंड्रेड डायल को फोन करके बुलवाया गया.पठारी थाना प्रभारी गौरव बाजपेयी ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है और विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है.

## भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों के साथ मनाया स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा गंजबासौदा ने आज भारतीय स्टेट बैंक के 70 वें स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम कर बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया.भारतीय स्टेट बैंक स्टेशन शाखा के प्रबंधक आशुतोष सोनी ने बताया कि आज बैंक को बड़े ही अच्छे ढंग से सजाया गया और सुबह से ही बैंक में आने वाले हर ग्राहक को ट्रॉफी और मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही बैंक में आने वाले ग्राहकों, पेंशनर धारियों एवं अन्य ग्राहकों के साथ बैठक कर साइबर फ्राड से बचाव करने के लिए एवं अन्य आवश्यक बातें कर, ग्राहकों को सुरक्षित करने की सलाह दी.शाखा प्रबंध सोनी ने बताया कि बैंक की ओर से पोधारोपण भी किए गए.इसके साथ ही बैंक कर्मचारी एवं ग्राहकों के साथ मिलकर, ग्राहक से केक कटवा कर, मिष्ठान व केक खिलाया.




## जैन मुनिश्री का हुआ आगमन

**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़,** हैदरगढ़ में मुनि श्री का आगमन हुआ. हैदरगढ़ में रात्रि विश्राम एवं आहारचर्या करेंगे.पूज्य गुरुदेव आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के मंगल आशीर्वाद से विद्याशिरोमणि आचार्य भगवन श्री 108 समयसागरजी महाराज की आज्ञा से निर्यापक श्रमण मुनिश्री 108 सम्भवसागरजी महाराज ससंघ 5 मुनि 1 ऐलक जी का मंगल विहार बेगमगंज से हुआ और शाम को रात्रि विश्राम एवं आहारचर्या के लिए हैदरगढ़ आए.इस दौरान जैन समाज द्वारा मुनिश्री का हैदरगढ़ आगमन हुआ. नगर के जैन समाज द्वारा मुनी श्री का भव्य आगमनी दी गयी.मुनि श्री विश्राम के बाद हैदरगढ़ से गंजबासौदा के लिए रवाना होंगे.मुनि संघ का मंगल चतुर्मास गंजबासौदा में संपन्न होगा .

## 1 हजार से अधिक मध्य प्रदेश के व्यवसाई होंगे एकत्रित

### लगेगा व्यवसाईयों का महाकुंभ

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, फेडरेशन ऑफ़ मध्य प्रदेश टेंट डीलर वेलफेयर सोसाइटी रजि. की वार्षिक सभा का आयोजन इस बार रामचरण तीर्थ नगरी विदिशा में रखा गया है.प्रदेश महासचिव सतनाम सिंह होरा ने बताया समन्वय समिति के वरिष्ठ सुरेश पितलिया एवं प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन गट्टू भइया के नेतृत्व में वार्षिक महाकुंभ में प्रदेश के शत प्रतिशत जिले के अध्यक्ष सचिव एवं वरिष्ठ जन अपने-अपने जिले से पधारेंगे 1000 से अधिक जिले के प्रमुख व्यवसाई बंधु अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे.**

वार्षिक सभा में ऑल इंडिया टेंट डीलर वेलफेयर आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय चेयरमेन दादूपुरोहित,राष्ट्रीय अध्यक्ष विपुल सिंगल, टेंट जगत के भीष्म पितामह करतार सिंह कोचर, राजस्थान प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गौतम, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय चौधरी, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मान, पंजाब प्रदेश उपाध्यक्ष जसवीर सिंह राणा एवं महासचिव दिनेश कटारिया राजस्थान महासचिव रविंदर सिंह दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश चंद यादव सहित 6 से अधिक प्रदेशों के अध्यक्ष भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे प्रदेश की वार्षिक सभा प्रातः 9 से 10 बजे रजिस्ट्रेशन 10 अतिथियों का मंच पर आगमन दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा कार्यक्रम में सभी व्यवसाई बंधु अपने-अपने जिले में व्यवसाय में आने वाली समस्याओं से राष्ट्रीय एवं प्रदेश के वरिष्ठ जन को अवगत कराएंगे. इस कार्यक्रम में विदिशा जिले के टेंट व्यवसाई,केटरिंग,डीजे लाइट,सेटअप, फोटोग्राफर, साउंड, इवेंट, बैंड व्यवसाई बंधु दिन रात वार्षिक सभा के लिए जुटे हुए हैं.कार्यक्रम को सफल बनाने वीरसिंह रघुवंशी, बबलू यादव,नरोत्तम सोनी,अजब सिंह धाकड़,मनीष जैन,दिनेश त्यागी,अंकित नेमा,धर्मेंद्र यादव पंकज रघुवंशी, गगन जैन,अर्पित बजाज, राजेंद्र किरार, जगदीश विश्वकर्मा, उदय पाल चंदेल, शत्रुघ्न बंसल, अशोक नामदेव,महेश बैरागी, अमित गुप्ता सुमित किरार भगत सिंह कुशवाहा, अंकुर पवार, अमन जैन, कुलदीप शर्मा, भावेश रघुवंशी, गोलू चौधरी सहित सभी व्यवसाई बंधु दिन रात जटे है.

## पत्रकार रतिराम शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** मेहलुआ चौराहा कुरवाई क्षेत्र में लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में जुड़े रहे.समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी संवाददाता रतिराम शर्मा को मोटर पंप से बिजली का करंट लग जाने के कारण कुरवाई अस्पताल में इलाज हेतु लाया गया.किंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका. दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अनेक नागरिकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है. प्रेस क्लब, श्रमजीवी पत्रकार संघ सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है.



निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
www.vikaspachori.in

## कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज में बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस से मिल रही रई राह

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय में संचालित बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस से छात्रों को मिल रही कैरियर बनाने की नई राह. कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय की चेयरमैन श्रीमति रश्मि शरण ने बताया कि उच्च शिक्षा एवं बरकतउल्लाह विश्विद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में एक वर्षीय पाठ्यक्रम बेचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस बी. लिव संचालित है.बी. लिव प्रोफेशनल कोर्स है जिसे स्नातक के बाद प्रवेश लेकर पूर्ण कर सकते है.बी. लिब के बाद सरकारी एवं प्रायवेट संस्थानों में जॉब के बेहतर विकल्प उपलब्ध है जैसे कॉलेज एवं स्कूल में लाइब्रेरियन के पद पर कार्य करने के साथ सहायक प्राध्यापक एवं एसएससी, यूपीएससी, पीएससी, पीएसयू में शिक्षक के पद पर आवेदन कर अपने कैरियर को विधार्थी नई दिशा दे सकते है.कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान है जो विद्यार्थी को जिले में पुस्तकालय के क्षेत्र में विगत 5 वर्षो से शिक्षा प्रदान कर छात्रों को रोजगार के नबीन अवसर प्रदान कर रहा है.

### नाम संशोधन सूचना

संशोधन के समय भूल बस मेरे आधार कार्ड सं.786139943772 में मेरा नाम राजेंद्र कुमार सक्सेना आत्मज श्री शिव स्वरूप सक्सेना निवासी वार्ड नंबर 32 विजय नगर अहमदपुर रोड विदिशा तर्ज हो गया है। जबकि मेरा पूरा सही नाम रामफूल सेन आत्मज श्री मन्नूलाल सेन निवासी वार्ड नंबर 33 करैया खेड़ा रोड आचार्य कॉलोनी विदिशा है तथा मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है ।

कृपया मुझे रामफूल सेन के नाम से ही जाना बा पहचान जावे ।

भवदीय
**रामफूल सेन पुत्र श्री मन्नूलाल सेन**
निवासी : वार्ड नं.33 करैयाखेडा रोड आचार्य कालोनी, विदिशा

### नाम संशोधन सूचना

अपडेट करते समय भूल बस मेरे आधार कार्ड सं.864848330560 में मेरा नाम भगवती बाई विश्वकर्मा दर्ज हो गया है जबकि मेरा पूरा सही नाम कलाबाई विश्वकर्मा है और मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में भी कलाबाई विश्वकर्मा नाम दर्ज है ।

कृपया मुझे कलाबाई विश्वकर्मा के नाम से ही जाना एवं पहचान जावे ।

भवदीय
**कलाबाई विश्वकर्मा**
**पत्नि श्री सुखलाल विश्वकर्मा निवासी वार्ड नंबर 19 सरस्वती नगर तलैया विदिशा**

## सरकार के दरबार में नवीन रजत डोला महापूजन महोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** देवाधिदेव श्री मदनमोहन सरकार के सिद्ध चैतन्य दरबार में नवीन रजत हिंडोला महापूजन एवं पूर्णाहुति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इस बार डोल ग्यारस पर श्री मदनमोहन सरकार इसी रजत डोला पर विराजित होकर केथन नदी के घाट पर जल विहार के लिए जायेंगे. श्री मदनमोहन सरकार के सेवक नवनीत शर्मा के सानिध्य में 30 जून से 5 जुलाई तक आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में 30 जून से 3 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक रजत डोला का महापूजन किया जा रहा है. इसके साथ ही प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री सरकार के महामंत्र का 1 लाख 51 हजार जाप तथा श्री गोपाल सहस्त्रनाम एवं श्री विष्णु सहस्त्रनाम के 551 पाठ किये जा रहे हैं. 4 जुलाई को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक हवन एवं पूर्णाहुति होगी. वही 5 जुलाई को दोपहर 3 बजे से नगर ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जावेगा.



Website : general.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - P619
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
BA (Com+ Plain)
B.Com (Com+Plain)
B.Sc (Com+Plain)
B.Lib (1 Years)
PGDCA (1 Years)
MSW (2 Years)
PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years)
B.ED. (2 Years)
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592 - 403481, 796042, 9893708149

मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
BA-LLB (Hons) 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB 3 Years Course (After Graduation)
प्रवेश प्रारंभ
D. Pharma 2 Years Course (After 12th Maths, Bio)
अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।



संचालक
मज़हर अली जाफरी
कॉर्पोरेट ऑफिस :- जवाहर लाल नेहरु कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025

## संस्कृति संरक्षण एवं संवर्धन में नागरिकों की भूमिका पर हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,रानी कमलापति संस्कृति संरक्षण एवं संवर्धन में नागरिकों की भूमिका एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई. जिसमें प्रथम सत्र में भोपाल से आये समाज सेवी संतोष मीणा द्वारा पंच परिवर्तन एवं समाज परिवर्तन विषय रखा गया. द्वितीय सत्र में समाज सेवी डॉ. मनीष उपाध्याय द्वारा विषय नागरिक सुरक्षा एवं नागरिक कर्तव्य पर एवं रोजगार उन्नमुखी एवं शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण पर जोर दिया गया. तृतीय सत्र में समाजसेवी बालेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा रोजगार उन्नमुखी एवं शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण विषय पर बताया गया.**

ओटीटी द्वारा बच्चों पर दुष्प्रभाव आम जन को जानकारी दी गई.चतुर्थ सत्र में मध्यप्रदेश बाल आयोग की सदस्य बाल अधिकार संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्य डॉ श्रीमती निवेदिता शर्मा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर प्रकाश डाला गया. साथ ही मुरैना से अधिवक्ता राजीव दंडोतिया द्वारा पर्यावरण से संबंधित कानूनों पर जानकारी दी गई.समापन सत्र में समाज सेवी रविकांत भदौरिया द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर जनजागरण संबंधी विषय रखा गया एवं समापन उद्बोधन देवेंद्र रेड्डी द्वारा दिया गया. जिसमें उन्होंने संस्कृति एवं राष्ट्र के उत्थान में कानूनों से ज्यादा आम नागरिक की भूमिका पर जोर दिया1संभाग ग्वालियर , चम्बल ,भोपाल ,नर्मदापुर से आए 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया.कार्यक्रम में नगर के सहयोगी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी, वरिष्ठ समाज सेवी कांति भाई शाह,रामसेवक विश्वकर्मा, मुकेश सिंह, अमान सिंह , प्रमोद सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, नितीश श्रीवास्तव, सुनील यादव, अमन शर्मा, रामेश्वर तिवारी, धनराज सोनी, रणजीत सिंह, किन्नर मुन्ना मामा, विपिन जैन आदि उपस्थित रहे.

मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से संबंद्धता प्राप्त
श्री हरि कॉलेज ऑफ मैनेजेमेंट एण्ड साइंस
देवरी जिला रायसेन (म.प्र.)
मोबा.:7898781000, 9179573548
E-mail: shcms1000@gmail.com
आवश्यकता है
महाविद्यालय में निम्नलिखित संकायों में स्नातक कक्षाओं में अध्यापन हेतु कोड 28 के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक के निम्न आवेदन आमंत्रित हैं।

| क्र. | पद | विषय | संख्या | योग्यता |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | प्राचार्य | - | 01 | किसी भी विषय में Net/Phd तथा अनुभव 5 से 10 वर्ष |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | भूगोल | 01 | M.phil/Ph.D Experience U.G.C. मापदंड अनुभव |
| | | इतिहास | 01 | |
| | | भौतिकशास्त्र | 01 | |
| | | रसायनशास्त्र | 01 | |
| | | कम्प्यूटर | 01 | |
| | | जंतु विज्ञान | 01 | |
| | | वनस्पतिशास्त्र | 01 | |
| | | गणित | 01 | |

अंतिम तिथि : 15/07/ 2025 संचालक -राघवेन्द्र सिंह ठाकुर

ADMISSION OPEN 2025-26
UGC Approved MP GOVT Universities Degree
CIIT COLLEGE
College Code-3901



Be a FASHION DESIGNER with A Difference !!
June Offer
अब करे फैशन डिज़ाइन
50% डिस्काउंट फीस पर
Limited Time Offer
B.Design in Fashion Designing 4 Year | After 12th (Any)
Certificate in Fashion Designing 1 Year | After 12th (Any)
BFA in Painting 4 Year | After 12th (Any)
Contact us 9667686200
Follow us on
Visit our website www.ciitcollege.in